दिनांक 08.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/मौसमी बीमारियों की रोकधाम/बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग एंव शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला की संयुक्त टीम द्वारा विगत सप्ताह निगम के वार्ड 26, 20, 43, 38, 05 क्रमशः **हाउसिंग बोर्ड छावनी** में 32 एकड़ अटल आवास, **प्रगति नगर केम्प–1** में अंबेडकर नगर, **स्टेशन मरौदा** में बजरंग पारा, **लक्ष्मी नगर** में प्रियदर्शी स्कूल के पास आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 123 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त 02, बुखार 04) रोग निरोधक दवाईयां दी गयी। बुखार से पीड़ित मरीजों का खून जांच हेतु–रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया। जन जागरण हेतु 350 पाम्पलेट का वितरण किया गया। दस्त के मरीजों 04 ओ.आर.एस. पैकेट वितरित किया गया।

उपरोक्त सभी वार्डो में शिविर संचालन के साथ वार्ड/मोहल्ले में स्थित नालियों एवं जमाव पानी/गन्दे स्थानों पर स्प्रेयर पंप द्वारा 300 एम.एल. मैलाथियान एवं 1480 ग्राम बी. लार्वा का छिड़काव करवाया गया। हैण्ड सेट फॉगिंग मशीन द्वारा 1000 एम.एल. मैलाथियान के धुऐं का छिड़काव करवाया गया। शिविर में आए मरीजो एवं मोहल्ले में भ्रमण कर नागरिकों के घर के आसपास साफ–सफाई रखने एवं पानी का जमाव न होने दे संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान द्वारा निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वाइन फ्लू के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए आम नागरिकों से अपील की गयी है भीड़ वाली सार्वजनिक स्थलों पर न जायें, सर्दी खांसी से प्रभावित मरीजों के निकट संपर्क से बचें, संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने के पूर्व अपने मुंह व नाक पर रूमाल का प्रयोग करें। बीमार व्यक्तियों के सम्पर्क में आने पर साबुन से हाथ अवश्य धोयें। उक्त सावधानी बरतने से स्वाइन फ्लू जैसे संक्रामक रोग के संक्रमण से बचा जा सकता है।

स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई